भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 428**

जिसका उत्तर 03.02.2022 को दिया जाना है

**भारतमाला परियोजना**

428. श्रीमती गीता कोडा:
श्री जुगल किशोर शर्मा:
श्रीमती रीती पाठक:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतमाला परियोजना के तहत झारखंड, जम्मू और कश्मीर तथा मध्य प्रदेश में सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत उक्त राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आज की तारीख तक विभिन्न चरणों में पूर्ण की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) शेष परियोजनाओं को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर और मध्य प्रदेश राज्यों में भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत पहचानी गई, अनुमोदित और सौंपी गई परियोजनाओं तथा पूरी की गई लम्बाई की स्थिति निम्नानुसार है:-

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | पहचानी गई | | सौंपी गई | | अनुमोदित (बिडिंग/अवार्ड के तहत) | | पूरी की गई लम्बाई (किमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लम्बाई (किमी) | लागत (करोड़ रुपए में) | लम्बाई (किमी) | लागत (करोड़ रुपए में) | लम्बाई (किमी) | लागत (करोड़ रुपए में) | |
| झारखंड | 738 | 19,768 | 432 | 10,445 | - | - | 280 |
| जम्मू एवं कश्मीर यूटी | 398 | 22,935 | 175 | 14,857 | - | - | 35 |
| मध्य प्रदेश | 2,927 | 49,831 | 1,320 | 26,436 | 166 | 3,016 | 425 |

भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत परिकल्पित सभी परियोजनाओं को 2024-25 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*****